पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———————

प्रो0 विनय कुमार पाठक को ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार

———————

लखनऊः 18 नवम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक को ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

आज जारी एक आदेश में प्रो0 विनय कुमार पाठक को नियमित कुलपति की नियुक्त होने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले हो, अपने वर्तमान दायित्वों के साथ–साथ ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति पद के दायित्व का निर्वहन करने हेतु नियुक्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति प्रो0 अनिल कुमार शुक्ला की नियुक्ति महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर, राजस्थान के कुलपति के पद पर हो गयी है।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (85/10)
सम्पर्क सूत्र
9453005360